दिन–शुक्रवार दिनांक– 24 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के रामनगर विधानसभा क्षेत्र के पच्चीस बूथों और वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र के उनतीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान का समय निर्धारित है।

———————————————————————————

छठे चरण के चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि सभी चौदह हजार आठ सौ बहत्तर मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। वहीं, संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा घुड़सवार दस्ते और नदियों में नाव से भी गश्ती की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सात हजार छह सौ साठ बूथों से पूरे मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। इधर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले से नेपाल की लगी सीमाओं को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है। साथ ही उत्तर प्रदेश से लगी सीमाओं को भी सील कर दिया गया है।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य की आठ संसदीय सीटों पर आठ महिला प्रत्याशियों समेत कुल छियासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। सबसे अधिक बहुजन समाज पार्टी के सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जदयू के चार, भाजपा के तीन, राजद के चार, कांग्रेस के दो और लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के एक उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि अन्य छह सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुमार कुशवाहा और राजद के दीपक यादव के अलावा कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्रा चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे

हैं। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हिना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हैं। पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार के बीच मुख्य मुकाबला है। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉक्टर संजय जायसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने–सामने हैं। शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। वहीं, वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की वीणा देवी को राजद के मुन्ना शुक्ला चुनौती दे रहे हैं। गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल आमने–सामने हैं। महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है।

———————————————————————————

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पार्टी प्रत्याशी आर. के. सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री शाह ने सभा को संबोधित करते हुये दावा किया कि पांच चरणों के चुनाव में एनडीए को तीन सौ से अधिक सीटें मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार में इस बार इंडी गठबंधन का खाता भी नहीं खुलेगा। इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं, भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज शाम पटना के कंकड़बाग में पटना साहिब से पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी और पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित किया। इधर, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा की।

———————————————————————————

चक्रवातीय परिसंचरण के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अरवल प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान अड़तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीनों दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। वहीं, बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातीय तूफान के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर छब्बीस मई से हल्की से मध्यम

बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।